Ei CARES

Hindi

# QUESTION PAPER

Maximum Marks:30

PERIODIC

| CLASS | SECTION | EXAM CODE |
|---|---|---|
| 7 | ROSE | 4202531 |
| 7 | TULIP | 4202521 |

SCHOOL

Him Academy Public School - Hira Nagar

1. There are 27 questions in this paper. 25 of these are with options and 2 are without options. All are compulsory.
2. The questions with options carry 1 mark each. The marks for questions without options have been mentioned beside it.
3. Please check your answers carefully before submitting the test. Once submitted, the answers cannot be changed.

## SECTION A READING COMPREHENSION

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

दीपावली का त्योहार था। एक छोटा बालक यह त्योहार मनाना चाहता था। वह बालक निर्धन परिवार से था। अखबार बेचकर अपनी पढ़ाई का खर्च जुटाता और परिवार की आर्थिक सहायता करता था। पटाखे खरीदने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। [1]

उस दिन अखबार बेचकर उसने पाँच पैसे अधिक कमाए थे। पटाखे खरीदने वह दुकानदार के पास गया लेकिन दुकानदार ने पाँच पैसे में रॉकेट देने से मना कर दिया। तब बालक ने दुकानदार से कहा, “अच्छा, मुझे पाँच पैसे के खराब पटाखे ही दे दो। मैं उनसे रॉकेट बनाऊँगा।” [2]

बालक ने खराब पटाखों से कई रॉकेट बनाए और आकाश में छोड़े। दीपावली की उस रात सबसे ज़्यादा रॉकेट उस बालक ने ही छोड़े थे। जानते हो, वह बालक कौन था? वह बालक था- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम। वही आगे चलकर 'मिसाइल मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुआ और भारत का राष्ट्रपति बना। [3]

स्रोत (संपादित): डॉ. अब्दुल कलाम की दीपावली
https://www.ajabgjab.com/2019/10/dr-apj-abdul-kalam-prerak-prasang-hindi.html

Q: 1 गद्यांश के आधार पर डॉ. अब्दुल कलाम के बारे में क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं?

1 वे अपनी पढ़ाई और परिवार के लिए बहुत मेहनत करते थे।
2 वे बचपन से ही मिसाइल बनाने की पढ़ाई करते थे।
3 वे हमेशा पटाखे और रॉकेट छोड़ते रहते थे।
4 वे पटाखों के लिए अखबार बेचते थे।

Q: 2 डॉ. अब्दुल कलाम ने दुकानदार से खराब पटाखे क्यों लिए थे?

1 क्योंकि खराब पटाखों को बेचना था।
2 क्योंकि उन्हें खराब पटाखों को देखना था।
3 क्योंकि वे खराब पटाखों से रॉकेट बनाना चाहते थे।
4 क्योंकि उनको खराब पटाखों से मिसाइल बनाने थे।

Q: 3 डॉ. अब्दुल कलाम पटाखे खरीदने क्यों गए थे?

1 पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए
2 पटाखे से मिसाइल बनाने के लिए
3 दीपावली का त्योहार मनाने के लिए
4 बचे हुए पैसों को व्यय करने के लिए

Q: 4 डॉ. अब्दुल कलाम अपनी पढ़ाई का खर्च कैसे जुटाते थे?

1 खिलौने बेचकर
2 रॉकेट बनाकर
3 पटाखे बनाकर
4 अखबार बेचकर

Q: 5 डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को 'मिसाइल मैन' क्यों कहा जाता है?

1 क्योंकि वे भारत के राष्ट्रपति थे।
2 क्योंकि उनके पिताजी ने यह नाम रखा था।
3 क्योंकि वे बचपन से पटाखे और रॉकेट बनाने लगे थे।
4 क्योंकि उन्होंने भारत के लिए मिसाइल का निर्माण किया था।

End of Passage Related Questions

## SECTION B MCQ

Q: 6 निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का भेद पहचानिए।

शौचालय में अभी कोई है।

1 प्रश्नवाचक 2 पुरुषवाचक 3 निश्चयवाचक 4 अनिश्चयवाचक

Q: 7 सच बात है कि ________ बीज बोओगे ______फल मिलेगा।

रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 जैसा, वैसा 2 ऐसा, कैसा 3 कैसा, वैसा 4 जैसा, कैसा

Q: 8 तुम ______ पुस्तक पढ़ोगे?

रिक्त स्थान के लिए उचित प्रश्नवाचक सर्वनाम शब्द चुनिए।

1 वह 2 यही 3 कोई भी 4 कौन-सी

Q: 9 पर्वत के शिखर पर ______ बैठा है।

रिक्त स्थान के लिए निश्चयवाचक सर्वनाम पहचानिए।

1 जो 2 क्या 3 वही 4 कोई

Q: 10 पुरुषवाचक सर्वनाम वाला वाक्य पहचानिए।


1 मैं भाषा सीख रही हूँ।
2 मैं स्वयं लेख लिखती हूँ।
3 शायद किसी ने पढ़ने के लिए पुस्तक ली हो।
4 वह लेख खो गया जो हिंदी दिवस पर लिखा था।

Q: 11 भाई : तुमने सर्वनाम कैसे समझे?
बहन : ____________।

रिक्त स्थान के लिए निजवाचक सर्वनाम वाला वाक्य चुनिए।

1 आपने समझाया
2 किसी ने समझा दिया
3 अपने आप पढ़कर समझा
4 जिसने पढ़ाया, उसने समझा दिया

Q: 12 चित्र के आधार पर अनिश्चयवाचक सर्वनाम पहचानिए।



1 यह पिता जी के समय की गाड़ी है।
2 इसमें से बहुत धुआँ निकल रहा है।
3 व्यक्ति कहीं सामान पहुँचाने जा रहा है।
4 इसने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहना हुआ है।

Q: 13 सड़क पर खड़ा बूढ़ा भिखारी कातरता से मेरी तरफ़ देख रहा था।

दिए गए वाक्य में भाववाचक संज्ञा को पहचानिए।

1 बूढ़ा
2 खड़ा
3 भिखारी
4 कातरता

Q: 14 अध्यापक ____________ से आने वाले हैं।

रिक्त स्थान के लिए व्यक्तिवाचक संज्ञा चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 विद्यालय
2 बाज़ार
3 पटना
4 गाँव

Q: 15 माँ ने गायत्री से कहा, "गंगा नदी हिमालय में स्थित गंगोत्री से निकलती है।"

इस वाक्य में कितनी व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?

1 दो
2 तीन
3 चार
4 पाँच

Q: 16 निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित संज्ञा का भेद पहचानिए।

हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए।

1 भाववाचक संज्ञा
2 जातिवाचक संज्ञा
3 समूहवाचक संज्ञा
4 व्यक्तिवाचक संज्ञा

Q: 17 दिए गए विकल्पों में से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?

1 सुंदर
2 लिखाई
3 बालकपन
4 चिकित्सक

Q: 18 अध्यापिका ने छात्रों को कहानी सुनाई।

इस वाक्य में कितनी जातिवाचक संज्ञा/संज्ञाएँ है/हैं?

1 एक
2 दो
3 तीन
4 चार

Q: 19 निम्नलिखित में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है?

1 मुझे थोड़ा काम है।
2 आज बहुत गर्मी लग रही है।
3 प्रत्येक बच्चे को एक लड्डू दो।
4 नीली पतंग आकाश में उड़ रही है।

Q: 20 हाथी के ____________ शरीर को देखकर चूहा डर से काँपने लगा।

रिक्त स्थान के लिए सबसे उचित गुणवाचक विशेषण चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 विराट
2 चंचल
3 शानदार
4 चमकीले

Q: 21 प्रतिदिन एक सेब अवश्य खाना चाहिए।

वाक्य में रेखांकित शब्द का विशेषण पहचानिए।

1 परिमाणवाचक
2 संख्यावाचक
3 सार्वनामिक
4 गुणवाचक

Q: 22 इस व्यक्ति को सभी लोग जानते हैं।

इस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण कौन-सा है?

1 इस
2 व्यक्ति
3 सभी
4 लोग

Q: 23 लाला जी के पास ____________ चावल हैं।

रिक्त स्थान के लिए संख्यावाचक विशेषण चुनिए।

1 थोड़े
2 दो बोरे
3 बासमती
4 बहुत सारे

Q: 24 परिमाणवाचक विशेषण वाला वाक्य पहचानिए।

1 इस मैच में दो खिलाड़ियों ने शतक बनाया। 2 बाज़ार से दो किलो पनीर ले आओ।
3 यह पेंसिल दो रुपए की है। 4 वह दो कमरों का घर है।

Q: 25 इस बार खेत में _______ गेहूँ पैदा हुआ।

परिमाणवाचक विशेषण द्वारा रिक्त-स्थान की पूर्ति कीजिए।

1 बहुत 2 देशी 3 मोटा 4 सुनहरा

## SECTION C PARAGRAPH WRITING

Q: 26 निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर 'मेरी प्रिय पुस्तक' विषय पर 30-40 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। [2]

-पुस्तक का नाम और लेखक
-पुस्तक प्रिय होने के कारण
-पुस्तक से मिली सीख / संदेश

## SECTION D LETTER WRITING

Q: 27 अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में नई किताबें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए। [3]

End of Questions in Paper

**This page has no questions and is left blank intentionally.**

**This page has no questions and is left blank intentionally.**